परमेश्वर के साथ समय

सितंबर 2021

बच्चें महत्वपूर्ण है

रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
			1 जब आप इस महीने की गतिविधियों पर काम करते हैं तो परमेश्वर से आपको संभालने के लिए कहें। रोमियों 12:12	2 अपने दिन की शुरुआत और अंत "धन्यवाद परमेश्वर" कहकर करें।	3 रात के खाने के समय अपनी पसंदीदा आयत साझा करें।	4 परमेश्वर की सृष्टि का आनंद लें। आपके द्वारा देखी गई परमेश्वर की रचनाओं में से एक का चित्र बनाएं।
5 आपका परिवार "कोइनोनिया" से क्या समझता है इसकी खोज करें।	6 बाइबल के 3 पद चुनें, उनकी कार्ड या गत्ते पर अनुकृति तैयार करें और उन्हें याद करें।	7 पूरे दिन दयावंत और धीरजवंत रहें।	8 इंद्रधनुष बनाएँ और परमेश्वर को उसके वायदों को पूरा करने के लिए धन्यवाद दें।	9 भजन संहिता 120:2 पढ़िए और परमेश्वर से बुद्धि मांगें।	10 दिल बनाएँ और परमेश्वर को उसके प्रेम के लिए धन्यवाद दें।	11 इब्रानियों 10:36 पढ़िए और आज्ञाकारी बनने में सहायता करने के लिए परमेश्वर से प्रार्थना कीजिए।
12 हर बार जब आप बत्ती जलाते हैं तो यीशु से अपने विद्यालय या पड़ोस में आपको ज्योति बनाने के लिए कहें।	13 परमेश्वर को अपने पूरे सप्ताह की योजना बताएं।	14 उत्पत्ति 16 में इश्माएल की कहानी को पढ़ें।	15 मध्य अमेरिका के देशों के लिए प्रार्थना करें।	16 किसी ऐसे व्यक्ति के विषय में परमेश्वर से बात करें, जिस पर आपको दया करना मुश्किल लगता है।	17 क्या आप जानते हैं कि पौलुस ने 13 पत्रियाँ लिखीं जो नए नियम में हैं? परमेश्वर के विषय में 13 बातें लिखिए।	18 सड़क पर रहनेवाले कुत्तों के लिए सार्वजनिक स्थान में थोड़ा सा पानी डाल दें।
19 परमेश्वर से पादरियों को दृढ़ करने के लिए कहें और यिर्मयाह 3:15 पढ़ें।	20 एक कार्यक्रम बनाएं जिसमें 5 गतिविधियाँ हों जहाँ आप परमेश्वर के साथ समय बिताते हैं। उदाहरण के लिए: सुबह 8 बजे-प्रार्थना।	21 हर बार जब आप हाथ धोते हैं तो कोविड से संक्रमित लोगों के लिए प्रार्थना करें।	22 उन 3 चीजों की सूची बनाएं जिन्हें आपको अपने आप में बदलने की जरूरत है, परमेश्वर से प्रार्थना करें और बदलाव करने की कोशिश करें। रोमियों 12:2	23 प्रार्थना करें कि आप सदा परमेश्वर का भय मानते रहें।	24 सैंडल बनाएँ, और इफिसियों 6:15 को याद करें।	25 पूरा एक दिन अपने फोन का प्रयोग न करें और अपने परिवार के साथ यीशु के चमत्कारों के विषय में पढ़ें।
26 अपने शिक्षक को बुलाएं और उससे कहें कि आप उनकी प्रशंसा करते हैं और उनके लिए प्रार्थना कर रहे हैं।	27 अपने दादा-दादी के साथ टहलें।	28 नीतिवचन 30:5 पढ़ें और हर उस व्यक्ति के लिए प्रार्थना कीजिए जो रात के समय काम करते है।	29 परमेश्वर की स्तुति करने के लिए एक नया गीत सीखें।	30 3 आशीषों के विषय में लिखें या चित्र बनाएँ जो कोई चीजें नहीं हैं।		

मेरे पैरों को अपने वचन के मार्ग पर स्थिर कर, और किसी अनर्थ बात को मुझ पर प्रभुता न करने दे।
भजन संहिता 119:133

www.childrenareimportant.com